**विधान परिषद के द्‌वितीय सत्र, 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 23 (क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-हरदोई, तहसील-मलावॉ के ग्राम पंचायत-बखोरा में सी0एच0सी0 तथा पी0एच0सी0 न होने के कारण उक्त ग्रामवासियों को लगभग 10 किलो मीटर सफर कर उपचार के लिए मलावॉ जाना पड़ता है? | जी नहीं।<br>जनपद-हरदोई, तहसील-मल्लावां के ग्राम पंचायत-बखोरा से 01 कि0मी0 की दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नसीरपुर एवं 09 कि0मी0 की दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मल्लावां संचालित है, जिससे क्षेत्रीय जनमानस को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त ग्राम में एक सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 का निर्माण करायेंगे, जिससे क्षेत्र के ग्रामवासियों को उपचार के लिए 10 किलोमीटर का सफर न करना पड़े ? | शासनादेश दिनांक 06.05.2017 के अनुसार प्रदेश में विभाग द्‌वारा नये चिकित्सालयों की स्थापना की प्राथमिकता निर्धारित न किये जाने तथा निर्मित/निर्माणाधीन चिकित्सालयों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक मानव/वित्तीय संसाधनों की अभिवृद्‌धि हेतु समुचित कार्यवाही करने की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है।<br>उक्त के दृष्टिगत जनपद-हरदोई, तहसील-मल्लावां के ग्राम पंचायत-बखोरा में सी0एच0सी0/ पी0एच0सी0 का निर्माण किये जाने का अवसर नहीं है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री